संक्षेप

## अजगरा में व्यवस्थाओं को लेकर हुई विचार गोष्ठी

प्रतापगढ़। पौराणिक एवं पुरातात्विक स्थल अजगरा में रविवार को विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। ग्रामीण पुरातात्विक संग्राहलय अजगरा में आयोजित विचार गोष्ठी का संयोजन साहित्यकार डॉ. राजेश कुमार पाण्डेय उर्फ निर्जल प्रतापगढ़ी ने किया। गोष्ठी में पुरातात्विक स्थल अजगरा में व्याप्त गंदगी को लेकर प्रधान से नाराजगी जतायी गयी। वहीं पेयजल, शौचालय तथा पर्यटकों के ठहरने एवं उनकी सुरक्षा आदि कीव्यवस्था की रूपरेखा भी तैयार की गयी। गोष्ठी की अध्यक्षता मंदिर के महंथ बाबा मंगल गिरि ने किया। इस मौके पर राकेश सिंह, रवीन्द्र सिंह, कमलेश सिंह, ओमप्रकाश सिंह, उदय सिंह आदि मौजूद रहे।

## गायब छात्रा बरामद

प्रतापगढ़। उदयपुर पुलिस ने गायब छात्रा को बरामद कामयाबी हासिल की है। उदयपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की उन्नीस वर्षीय छात्रा तीन जनवरी की सुबह करीब आठ बजे घर से सांगीपुर स्थित डिग्री कालेज परीक्षा देने के लिए निकली थी। छात्रा के घर न लौटने पर परेशान परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी। पीड़िता की माने तो दी गयी तहरीर में पूरे सरदार ननौती निवासी शिवा यादव पुत्र समर बहादुर यादव द्वारा उसकी पुत्री का अपहरण करने और पांच लाख की फिरौती मांगने का आरोप लगाया। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस की एक टीम छात्रा की तलाश में जुटी थी। एसओ राधेबाबू ने बताया कि ननौती के पास से गायब छात्रा की बरामदगी की गयी है। आरोपी युवक की तलाश की जा रही है।

## अज्ञात कार चालक के खिलाफ लापरवाही, केस दर्ज

प्रतापगढ़। लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए पीड़ित को घायल करने को लेकर अज्ञात कार चालक के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। जेठवारा थाना के गोपालगंज डेरवा निवासी हरिश्चन्द्र प्रजापति पुत्र शंकर प्रजापति ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती पन्द्रह दिसम्बर को वह बाइक से लालगंज आ रहा था। शाम करीब साढ़े छह बजे लालगंज बाजार से पूर्व बाबूगंज मार्ग पर गौसपुर गांव के समीप अज्ञात कार चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। इसके चलते उसका भाई मूलचन्द्र गम्भीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित के मुताबिक घायल उसके भाई का इलाज रायबरेली के ऊँचाहार में एक अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## महिला की पिटाई को लेकर दो आरोपियों के खिलाफ केस

प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने महिला की पिटाई को लेकर दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के बछवल निवासी नंद लाल की पत्नी रेखा देवी ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती चार जनवरी को दिन में साढ़े तीन बजे आरोपियों ने रंजिशन उसके दरवाजे पर पहुंचकर गाली गलौज की। मना करने पर गांव के सुशील की पत्नी सुनीता उसके साथ मारपीट करने लगी। वहीं आरोपिता के पति सुशील कुमार भी अचानक हमलावर हो उठा और उसके सिर पर पत्थर से हमलाकर दिया। शोर शराबा सुन गांव के लोग दौड़े तो आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट, गाली गलौज तथा धमकी का केस दर्ज किया है।

## पुलिस अधिकारी पर गोली चलाने का आरोपी गिरफ्तार

संभल। शहर के कोट गर्वी मोहल्ले में पिछले साल 24 नवंबर को शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हुई हिंसा में पुलिस क्षेत्राधिकारी पर गोली चलाने के आरोपी को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। संभल कोतवाली के प्रभारी अनुज कुमार तोमर ने बताया कि पुलिस क्षेत्राधिकारी अनुज चौधरी पर गोली चलाकर उन्हें घायल करने के आरोपी सलीम नामक व्यक्ति को संभल कोतवाली क्षेत्र में स्थित भूरे खां की जियारत इलाके में गिरफ्तार कर लिया गया है और वह इलाके का कुख्यात अपराधी है। वारदात के बाद सलीम दिल्ली के सीलमपुर में छुप गया था, वह संभल की एक अदालत में आत्मसमर्पण करने की फिराक में था मगर उससे पहले ही उसे पकड़ लिया गया। सलीम पर पुलिस से कारतूस लूटने का भी आरोप है और पुलिस ने उसके पास से 12 बोर का एक तमंचा, पांच कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया है।

# दो अतर्जनदीय गौ तस्कर गिरफ्तार

## 48 गौवंश बरामद, गौ तस्करों को भेजा गया जेल



प्रतापगढ़। लीलापुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान घेराबंदी करके दो गौ तस्करों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। वहीं पुलिस ने अड़तीस गौवंश को भी गौ तस्करों के कब्जे से मुक्त कराया। एसओ लीलापुर अरूण कुमार पुलिस फोर्स के साथ थाने के समीप वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच मुखबिर से एक वाहन से गौवंश ले जाने की मिली सूचना पर पुलिस सतर्क हो गयी। पुलिस ने वैरियर लगाकर तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रक को कब्जे में लेने में कामयाबी हासिल की। पुलिस ने ट्रक पर सवार दो तस्करों को धर दबोचा। वहीं ट्रक चालक समेत कई गौ तस्कर भाग निकलने में कामयाब रहे। एसओ अरूण कुमार ने बताया कि अड़तीस गौवंश के साथ गौ तस्कर शबाब हुसैन पुत्र इब्नुल हुसैन निवासी बड़ा गांव थाना शाहगंज जनपद जौनपुर तथा इजहार पुत्र बाबू उर्फ महबूब निवासी पटैला थाना खुटहन, जौनपुर को गिरफ्तार करने में कामयाबी मिली है। गिरफ्तार आरोपी इजहार पर जनपद समेत अमेठी, उन्नाव, प्रयागराज, सुल्तानपुर, औरैया, चंदौली जनपदों में पशु क्रूरता अधिनियम का केस दर्ज है। वहीं आरोपी शबाब पर भी देवरिया व मऊ जनपद में मुकदमा दर्ज है। शबाब गैंगेस्टर का भी आरोपी है। बरामद किये गये अड़तीस गौवंश में एक मृत मिला जबकि अन्य सैंतीस को गौ आश्रय स्थल देवली भेजवा दिया गया है। पांच नामजद व चार अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। दोनों गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

## प्रेमी युगल ने अलग-अलग फांसी लगाकर आत्महत्या की

बाराबंकी। जिले के एक गांव में रविवार को एक प्रेमी युगल ने कथित तौर पर अलग-अलग फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। असंद्रा थाने के प्रभारी निरीक्षक जीपी सिंह ने बताया कि मृतकों की पहचान अकोहरी गांव के निवासी निधि (22) और मनीष (25) के रूप में हुई है। दोनों ने शनिवार को आत्महत्या की। उन्होंने कहा कि दोनों एक-दूसरे से करीब चार साल से प्रेम करते थे और इस बात की जानकारी दोनों के परिवार वालों को थी। निधि पहले से शादीशुदा मनीष से शादी करना चाहती थी। अधिकारी ने बताया कि मनीष की पांच साल पहले शादी हो चुकी थी, जिसके बाद निधि से उसकी प्रेम कहानी शुरू हुई और दोनों अलग-अलग जाति से थे। मनीष अनुसूचित जाति (दलित) जबकि निधि सामान्य जाति से थी और दोनों एक ही गांव के रहने वाले थे। पुलिस के अनुसार गांव में मनीष का शव शनिवार को जिस नीम के पेड़ से लटकता मिला, वह निधि के घर से करीब है। सुबह टहलते हुए ग्रामीणों ने मनीष के शव को नीम के पेड़ से लटका देखा और इसकी सूचना परिवार वालों को दी, उधर निधि की मां उसे जगाने के लिए गईं तो उसका शव कमरे में पंखे से लटका दिखा।

## प्रकृति पर्यावरण संरक्षण ,महिला सशक्तीकरण पर कैलेंडर लांच



मेरठ। धर्मार्थ समर्पण न्यास और एआरके स्टूडियो परिवर्तन द्वारा प्रकृति पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तिकरण पर रविवार 5 जनवरी को जनपद बिजनौर क्षेत्र के कोटद्वार में एक कैलेंडर लॉन्च किया गया। प्रकृति और मातृशक्ति दोनों ही बीज को वृक्ष बनाने की क्षमता से परिपूर्ण है धर्मार्थ समर्पण न्यास और ए आर के स्टूडियो परिवर्तन एक नई राह पर इस साल 2025 में दोनों सृजन शक्तियों को और उनके मान सम्मान को समर्पित करते हुए जागरूकता अभियान के तहत इस कलेंडर का विमोचन किया। डिप्टी कलेक्टर श्री मांगेराम चौहान इस विमोचन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। धर्मार्थ समर्पण न्यास इस कैलेंडर साल में प्रकृति पर्यावरण संरक्षण पर और महिला सशक्तिकरण और शिक्षा पर जागरूकता के तहत अभियान शुरू कर रहा है ,इस कार्य में सहयोगी के रूप में विनोद कुमार सिंह , महादेव लाल पेडा भंडार वाराणसी ,मयार्दा फाउंडेशन, परफेक्ट दृष्टि आई केयर ,, वर्मा पैथोलॉजी लैब्स, साईं होमियो क्लिनिक, यादव पैथोलॉजी लैब्स, शिक्षाविद समाज सेवी पारुल मोहन, हैप्पी योगा से पंखुरी श्रीवास्तव आरव टाइम्स और मयार्दा फाउंडेशन से अंशु पाण्डेय, एलिस कोरियोग्राफर डॉक्टर मीनू गबरानी, मेकओवर आर्टिस्ट कविता ,योगिनी अंतिका राय, ऐक्ट्रेस श्वेता ओझा ,एक्ट्रेस एंकर भाषा झा शिक्षाविद श्वेता मिश्रा ,काउंसलर दीक्षा सिंह ,चाणक्य देव व आशीष चौधरी रहे । धर्मार्थ समर्पण न्यास की शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण के लिए ये एक पहल है।

## बीएलएस ट्रेनिंग की उपयोगिता को लेकर दी गई जानकारी



मेरठ। रविवार को आईएमए मेरठ शाखा के तत्वावधान मे सॉय 5 बजे बेसिक लाईफ सपोर्ट (सीपीआर) सर्टिफिकेट टनिग कार्यक्रम का आयोजन डा ओपी गुप्ता ईमेजिंग सैन्टर मेरठ मे आयोजित किया गया। यह वर्कशॉप डा ओपी गुप्ता ईमेजिंग सैन्टर के स्टाफ के लिये आयोजित किया गया जिसमे लगभग 55 व्यक्तिओ ने भाग लिया। सर्वप्रथम संस्था के बीएलएस कौडिनेटर डा मनीष अग्रवाल एवं मिस परीशा अग्रवाल ने बीएलएस ट्रेनिग की उपयोगिता के बारे मे बताया कि किस प्रकार किसी व्यक्ति के आक्समिक हदय गति रूक जाने पर तथा चिकित्सक सहायता उपलब्ध होने से पूर्व कोई भी अन्य व्यक्ति उसकी धडकन तथा स्वांस क्रिया को सुचारू रूप से प्रदान कर सकता है। यदि यह समय से उपलब्ध हो जाये तो लगभग 50 प्रतिशत व्यक्तियो की जान बचायी जा सकती है। कार्यक्रम के अन्त मे आईएमए के सचिव डा सुमित उपाध्याय, डा मनीष अग्रवाल एवं डा ओपी गुप्ता के द्वारा सभी को कृत्रिम शरीर के माध्यम से अभ्यस्थ कराया गया तथा प्रमाण पत्र वितरित करे गये।

## गुरु के ब्रह्मलीन होने के बाद देवालय बस से तीर्थाटन कर रहे स्वामी सच्चिदानंद

महाकुम्भ नगर। एक सप्ताह में प्रारंभ होने जा रहे विश्व के सबसे बड़े धार्मिक समागम में साधु संत अपनी कुटिया लगभग बसा चुके हैं। ऐसे में इस मेले में एक ऐसे संत भी हैं जो कुटिया में नहीं, बल्कि एक बस में प्रवास करते हैं जहां एक संपूर्ण देवालय भी स्थापित है।

सेक्टर-18 में संगम लोअर मार्ग पर अलोपशंकरी चौराहे के पास बन रहे शिविर में पिछले एक माह से खड़ी सफेद रंग की बस सभी का ध्यान आकर्षित कर रही है जिसमें कथित तौर पर विश्व का सबसे वजनी स्फटिक शिवलिंग रखा है। स्वामी सच्चिदानंद चैतन्य जी ने बताया कि वर्ष 1992 में उज्जैन सिंहस्थ कुम्भ के लिए उनके गुरु लक्ष्मण चैतन्य ब्रह्मचारी ने यह बस तैयार कराई थी जिसे उन्होंने नाम दिया श्री श्री हरसिद्धी। यह बस हर सिद्धियों की प्रदाता है। इसके बाद उन्होंने संपूर्ण तीर्थों का भ्रमण किया।

उन्होंने बताया कि डॉ. लक्ष्मण चैतन्य ब्रह्मचारी महाराज, धर्म सम्राट स्वामी श्री करपात्री जी महाराज के उत्तराधिकारी शिष्य थे और वाराणसी में अखिल भारतीय धर्म संघ के लंबे समय तक अध्यक्ष रहे थे। गुरु जी ने बस के ऊपर एक चौकोर टंकी बनवाई थी जिसमें उन्होंने उन सभी तीर्थों, सरोवरों का पवित्र जल एकत्र किया जिनका शास्त्रों, पुराणों में वर्णन है। फिर सभी 12 ज्योतिर्लिंगों का इस जल से अभिषेक किया और यहां रखे स्फटिक के शिवलिंग का उन 12 ज्योतिर्लिंगों से स्पर्श कराया।

स्वामी सच्चिदानंद चैतन्य ने बताया कि 2001 में गुरु जी काशी में ब्रह्मलीन हो गए जिसके बाद उनकी शिष्या गुरु मां डॉ. कल्याणी चैतन्य ब्रह्मचारिणी (अम्मा जी) ने भी अपना पूरा जीवन इसी बस में व्यतीत किया और 2023 में गुरु मां ने भी शरीर त्याग दिया। उन्होंने बताया कि गुरु जी और गुरु माता ने इसी बस में जप-तप किया, तीर्थ यात्रा की। पहले इस बस में रसोई, शौचालय सभी सुविधाएं थीं। इस बस में पीछे का हिस्सा खोलकर इसे मंच का रूप दिया जा सकता है। इस बस में ही शुद्धता के साथ भोजन प्रसाद तैयार करने के लिए अनाज के भंडारण की व्यवस्था है। स्वामी सच्चिदानंद चैतन्य ने बताया कि वाहन टाटा-1210 को बस का रूप दिया गया है।

## इंडो -नेपाल सीमा पर ऑपरेशन कवच तेज



बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना कोतवाली जरवा पुलिस व एस0एस0बी0 की संयुक्त टीम द्वारा ऑपरेशन कवच के दृष्टिगत इंडो नेपाल बॉर्डर से सटे हुए गाँवों में संदिग्ध/अवैध गतिविधियों को रोकथाम हेतु ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ कीबैठक गई। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक थाना को0 जरवा गोविन्द कुमार व एस. एस. बी. के अधिकारीगण द्वारा ऑपरेशन कवच के दृष्टिगत इण्डो- नेपाल बार्डर से सटे हुए गांवों के ग्राम सुरक्षा समिति के लोगों, ग्राम प्रधान, सेवानिवृत सरकारी कर्मचारियों, कोटेदार, रोजगार सेवक आदि की उपस्थिति में ग्राम मोहकमपुर तथा पहाड़ापुर में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत क्षेत्र में अपराधिक एवं अवैध गतिविधियों व संदिग्ध व्यक्तियों की रोकथाम हेतु बैठक की गई।

इस बैधक में ग्राम सुरक्षा समिति, संभ्रान्त व्यक्तियों को नेपाल राष्ट्र की सीमा पर सतर्क दृष्टि रखने के हेतु समय-समय पर सीमा से सटे गाँवों में मादक पदार्थों की तस्करी ,मानव व गौ तस्करी, अवैध कटान व अन्य संदिग्ध गतिविधियों को रोकने के बारे मे लोगों को जागरूक किया गया तथा संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तत्काल पुलिस को देनें हेतु अपील की गई, जिससे पुलिस द्वारा तत्काल इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अकुंश लगाया जा सके ।

## शिक्षाविद् की मनाई गई पुण्य तिथि प्रबुद्धजनों का हुआ सम्मान



प्रतापगढ़। रविवार को लक्ष्मणपुर ब्लॉक के चमरुपुर शुक्लान में शिक्षाविद् स्व. भगवती प्रसाद की दसवीं पुण्यतिथि मनाई गयी व क्षेत्र के प्रबुद्धजनों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि रंजन विश्वकर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर समारोह का शुभारम्भ किया। श्रेयांशी, अमृता व प्रांसी सोनी ने सरस्वती वंदना की मनोहारी प्रस्तुति की। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने अलग-अलग क्षेत्रों में जन सहयोग कर रहे रमाशंकर तिवारी, नीरज गौतम, सिद्ध नारायण विश्वकर्मा, डॉ. सच्चिदानंद त्रिपाठी, संतोष त्रिपाठी शास्त्री, सत्य नारायण यादव, निखिल सिंह राठौर आदि को माला पहनाकर सारस्वत सम्मान किया। आदर्श शिक्षक की पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलिसभा व विचारगोष्ठी को सम्बोधित करते मुख्य अतिथि मा. सदस्य उ. प्र. राज्य महिला आयोग गीता विश्वकर्मा की प्रतिनिधि रंजना विश्वकर्मा ने शिक्षक स्व. भगौती प्रसाद स्वर्णकार को आदर्श शिक्षक बताते हुए उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होने कहा कि शिक्षक को स्व. भगौती प्रसाद से सीख लेनी चाहिए जिस प्रकार वे विपरीत परिस्थितियों में होते हुए भी क्षेत्र में शिक्षा की अलग जगायी थी निश्चित तौर पर सराहनीय है। विशिष्ट अतिथि लोकपाल मनरेगा समाज शेखर ने कहा कि सेवाकार्य से ही समाज में व्याप्त असमानता की खाईं को कम किया जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आचार्य पं. काली प्रसाद मिश्र ने स्व. भगौती प्रसाद को आदर्श शिक्षक बताते हुए उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त पुरुषोत्तम सोनी ने किया। समाजसेवी संजय शुक्ल, राणा सुबेदार सिंह चैहान आदि ने अपने विचार रखे। आयोजन शिक्षक डॉ. अरुण कुमार रत्नाकर ने किया। संचालन शिक्षक आशुतोष गिरि दीपक ने किया। इस मौके पर डॉ. सच्चिदानंद त्रिपाठा, राजा मौर्य, ओम प्रकाश गिरि, मानिकचन्द्र, आचार्य संतोष मिश्र, बाबूलाल स्वर्णकार, शंकर लाल स्वर्णकार, मनोज शुक्ल, अरुण यादव, एबीआरसी बादशाहपुर, राकेश सिंह आदि रहे।

## राज्य सूचना आयुक्त ने सूचना अधिकार को प्रभावी बनाने पर दिया जोर



प्रतापगढ़। राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश ने रविवार को स्थानीय निरीक्षण गृह में अधिकारियों के साथ बैठक कर सूचना अधिकार के तहत लोगों को समयबद्ध जानकारियां उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने अफसरों से कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के सभी आवेदन सुरक्षित रखे जाय। उन्होंने कहा कि लोगों के मौलिक अधिकारों की सुरक्षा के लिए इन आवेदनों पर समयबद्ध कार्यवाही की जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से लालगंज क्षेत्र में सूचना अधिकार के आवेदनों के निस्तारण की प्रगति की भी जानकारियां हासिल की। बैठक में शामिल अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय ने पुलिस विभाग से जुड़ी कार्यवाहियों का सूचना आयुक्त को ब्यौरा दिया। वहीं प्रभारी तहसीलदार पंकज कुमार ने तहसील में स्थापित सूचना अधिकार पटल की गतिविधियों से उन्हें अवगत कराया। बैठक में लालगंज सीओ रामसूरत सोनकर व प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव भी मौजूद रहे।

## देवी-देवताओं की प्रतिमा समेत अन्य सामान चोरी

मथुरा। शहर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक नेता के घर में बने मंदिर से अज्ञात व्यक्ति ने देवी-देवताओं की प्रतिमा सहित चांदी की 11 प्लेट आदि कीमती सामान चोरी कर लिये। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। गोविंद नगर थाना के प्रभारी देवपाल सिंह पुंडीर ने बताया कि चोरी की यह घटना शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात चौक बाजार में भाजपा की महानगर शाखा के महामंत्री प्रदीप गोस्वामी के घर पर हुई जब वह अपने परिवार के साथ ऊपरी मंजिल पर अपने कमरे में सो रहे थे।

# विकास से जुड़ी परियोजनाओं से सदैव सुसज्जित दिखेगा रामपुरखास

## विधायक का जगह जगह हुआ गर्मजोशी से स्वागत



**प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा है कि रामपुर खास में ढांचागत विकास को मजबूती प्रदान कर इसे विकास की अनवरत चमक प्रदान की जाती रहेगी। उन्होंने कहा कि यहां राज्य एवं केन्द्र की सभी ग्रामीण विकास से जुड़ी महत्वाकांक्षी परियोजनाओं को राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के नेतृत्व में मंजूरी दिलाते हुए सुदृढ़ विकास का उनका संकल्प तेजी से साकार होता दिखेगा। रविवार को क्षेत्र में एक दिवसीय दौरे पर पहुंची विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कैम्प कार्यालय पर पार्टी कार्यकताओं तथा नगर के सभासदों एवं पंचायत प्रतिनिधियों से संवाद करते हुए कहा कि हाईवे सड़क परियोजनाओं को भी लकदक बनाते हुए क्षेत्र के सभी पुरवों और मजरों में शत प्रतिशत विद्युतीकरण को प्राथमिकता देने का उद्देश्य भविष्य के रामपुर खास को रोजगार तथा लघुउद्योग के क्षेत्र में बहुआयागी वातावरण के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया जाना है।

विधायक मोना ने बाबा घुइसरनाथ धाम को सभी तीर्थ स्थलों से आवागमन के क्षेत्र में केन्द्रित सुविधा से लैस बनाने पर जोर देते हुए कहा कि लालगंज से संग्रामगढ़ हाईवे पर अड़तीस करोड़ की लागत से पुर्ननिर्माण कराने से बाबा धाम से चित्रकूट धाम की आस्था को भी मजबूती मिल सकेगी। विधायक मोना ने पार्टी कार्यकताओं से क्षेत्र में संचालित हो रहे विकास कार्यों में तेजी में सहयोग के साथ जरूरतमंद की हर संभव मदद के लिए अभियान जारी रखने को कहा। उन्होंने लालगंज नगर पंचायत के सभासदों के साथ संवाद में कहा कि टाउन एरिया को नगरीय विकास के सर्वश्रेष्ठ माडल के साथ आदर्श बनाया जायेगा। कैम्प कार्यालय पर बड़ी संख्या में जुटे पंचायत प्रतिनिधियों व सभासदों तथा व्यापारियों ने लालगंज संग्रामगढ़ हाईवे परियोजना के लिए करोड़ों की एक मुश्त सौगात प्रदान करने के लिए विधायक आराधना मिश्रा मोना का माल्यार्पण कर स्वागत किया। संवाद कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष केडी मिश्रा व संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। संयोजन ब्लाक प्रमुख इं. अमित सिंह पंकज व चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने किया। सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू ने स्वागत तथा चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी ने आभार जताया। इधर दौरे पर पहुंची विधायक मोना का क्षेत्र के अगई मोड़, रायपुर तियाई, वर्मानगर, धधुवागाजन में भी ग्रामीणों द्वारा गर्म जोशी से स्वागत हुआ दिखा। इस मौके पर विकास मिश्र, पवन शुक्ला, पप्पू तिवारी, धर्मपाल सरोज, दारा सिंह, आशीष जायसवाल, मुरलीधर तिवारी, छोटेलाल सरोज, शैलेन्द्र मिश्र, शेरू खां, रामू मिश्रा, इं. अतुल शुक्ल, अभिनव शुक्ल, सिंटू मिश्रा, इं0 सुनील पाण्डेय, राजू पाण्डेय, विनय पाण्डेय, रामचन्द्र तिवारी, जयसिंह, विन्देश्वरी पटेल, टिल्लू सिंह, धर्मेन्द्र मिश्र आदि रहे।

## सर्दी से कांप रही बच्ची को विधायक का मिला दुलार, दरियादिली की हो रही प्रशंसा



प्रतापगढ़। रविवार को क्षेत्र के दौरे पर पहुंची विधायक आराधना मिश्रा मोना के द्वारा ठण्ड से कांप रही बच्ची की मदद में दरियादिली लोगों की जुबा पर देर शाम तक छायी दिखी। क्षेत्र के वर्मानगर तिराहे पर विधायक मोना लोगों से मुलाकात कर रही थी तभी उनकी नजर ठण्ड से कांप रही एक बच्ची पर जा टिकी। आराधना मिश्रा मोना बच्ची के पास स्वयं पहुंच गयी। उसे दुलारा पुचकारा। बच्ची ने अपना नाम गौरी बताया। तब विधायक ने उसे पहले मिठाई खिलवायी और अपने साथ दुकान पर लेजाकर स्वयं उसे गर्म कपड़े खरीदवाये। विधायक मोना की दरियादिली की बाजार में लोगों की जुबान पर प्रसशंसा भी होती दिखी।

## क्रिकेट में ड्रीम इलेवन की टीम सीपीएस चैलेंजर्स को हराकर बनी विजेता



प्रतापगढ़। चिल्ड्रन पैराडाइज स्कूल मे चार दिवसीय खेल महोत्सव का समापन हुआ। इस सीपीएस क्रिकेट टूनार्मेंट में ड्रीम इलेवन ने सीपीएस चैलेंजर्स को तीन विकेट से हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले मे सीपीएस चैलेंजर्स पांच विकेट खोकर आठ ओवर मे मात्र 67 रन ही बना सकी। वहीं 67 रन को चेस करने उतरी ड्रीम इलेवन ने अपने खिलाड़ी हर्ष शुक्ला द्वारा बनाये गये रनों के साथ फाइनल का खिताफ अपने नाम किया। मैन आफ द मैच सोहेल खान रहे। वहीं मैन आफ दि सीरीज का खिताब उप विजेता टीम के कप्तान नौरेज खान को मिला। इससे पूर्व सेमी फाइनल का दूसरा मुकाबला एकलव्य स्पोर्ट क्लब और ड्रीम इलेबन के बीच खेला गया। जिसमें सोहेल खान मैन आफ दि मैच बने। सीपीएस कप का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक आदर्श मिश्र ने किया। समापन अवसर पर सीपीएस ग्रुप आफ एजूकेशन के एमडी विकास मिश्र ने विजेता तथा उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं शील्ड, मेडल प्रदान किया। विद्यालय के उप प्रधानाचार्य ध्रुव नारायण मिश्र ने सभी अतिथियों का स्वागत किया व आभार जताया। मैच रेफरी के रूप मे अंकित पाण्डेय एवं गुफरान ने भूमिका निभाई। स्कोरर का दायित्व शमशाद अहमद ने निभाया। उद्घोषक का दायित्व राज त्रिपाठी एवं शुभम पाण्डेय ने संयुक्त रुप से निभाया।

# चंपा देवी पार्क में चला विशेष सफाई अभियान

## डिप्टी डायरेक्टर पंचायती राज की मौजूदगी में चलाया गया सफाई अभियान



गोरखपुर। आगामी 10 जनवरी से चंपा देवी पार्क में गोरखपुर महोत्सव की शुरूआत होगी। गोरखपुर महोत्सव की तैयारी के लिए जिला प्रशासन युद्ध स्तर पर कार्रवाई कर रहा है। विभिन्न विभाग के लोग अपने-अपने काम को अंजाम देने में लगे हुए हैं। इसी क्रम में पंचायती राज विभाग के डिप्टी डायरेक्टर हिमांशु शेखर ठाकुर ने 100 से ज्यादा ग्रामीण सफाई कर्मियों के साथ रविवार को चंपा देवी पार्क में विशेष सफाई अभियान चलाया। 10 जनवरी से गोरखपुर महोत्सव की शुरूआत हो रही है जिसमें विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे गोरखपुर महोत्सव का आयोजन मुख्य रूप से चंपा देवी पार्क में किया जाएगा, जहां पर एक बड़ा पंडाल और स्टेज बनाया जा रहा है। इसके अलावा महोत्सव में आने वाले लोगों के मनोरंजन के लिए विभिन्न स्टॉल लगाए जा रहे, जिसमें खाने पीने से लेकर अन्य प्रकार के सामग्रियों का स्टॉल लगाया जाएगा। जिले के तमाम आला अधिकारी लगातार मौका मुआयना में लगे हुए हैं। तैयारी के दौरान चंपा देवी पार्क में फैली गंदगी को साफ करने के लिए आज पंचायती राज विभाग के डिप्टी डायरेक्टर हिमांशु शेखर ठाकुर भरी लाव-लश्कर के साथ चंपा देवी पार्क पहुंचे। पंचायती राज्य विभाग के ग्रामीण क्षेत्र के तकरीबन 100 से ज्यादा सफाई कर्मियों को चंपा देवी पार्क में बुलाया गया। सफाई कर्मियों ने लगातार कई घंटे तक सफाई अभियान को अंजाम दिया। इस दौरान डिप्टी डायरेक्टर हिमांशु शेखर ठाकुर भी चंपा देवी पार्क में डटे रहे। उनकी देखरेख में यह पूरा काम किया गया। हिमांशु शेखर ठाकुर ने बताया कि पंचायती राज विभाग के सफाईकर्मी व अन्य कर्मचारी गोरखपुर महोत्सव समापन तक अपना विशेष योगदान इस कार्यक्रम में देते रहेंगे।

## ट्रेलर की चपेट में आने से अधेड़ की घटना स्थल पर ही मौत

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना अन्तर्गत मजनू चौकी क्षेत्र के एक गाँव के रहने बाले अधेड़ की ट्रेलर की चपेट में आ जाने से घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गयी सूचना पर पहुंची पुलिस शव कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार, मजनू चौकी क्षेत्र के बरियारपुर गांव निवासी राजेन्द्र यादव

रविवार की अपरान्ह गांव के ही नागेन्द्र यादव के साथ बाइक से सहजनवां जाने के लिए निकले थे। बोक्टा चौराहे के पास पीछे से जा रही ट्रेलर ने बाइक को ठोकर मार दी। जिससे बाइक पर बैठे राजेन्द्र यादव नीचे गिर गए और घटना स्थल पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। तो वही बाइक चला रहे नागेन्द्र बाल-बाल बच गए। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अपने पीछे चार बेटे व दो बेटियां छोड़ गए। परिवारीजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## मजदूरों को गर्म कपड़े शाल, साड़ी बिस्कुट बांटे



भरथना, इटावा। भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा भरथना के तत्वाधान में भीषण सर्दी के मद्देनजर क्षेत्र के ग्राम दिवरासई आलमपुर स्थित बाबा ईंट भट्टा पर कार्यरत मजदूरों को गर्म कपडे, शॉल, साड़ी एवं बच्चों को बिस्किट, नमकीन, मंजन-टूथब्रुश आदि वितरित किया गया। इस अवसर पर करीब दो सैकडा मजदूरों की उपस्थिति रही। कस्बा से 15 किमी. दूर ग्रामीण अंचल में स्थित भट्टा पर परिषद के सदस्य अपनी- अपनी कारों में कपड़े भरकर पहुंचे तथा वन्देमातरम का गायन करके कार्यक्रम प्रारम्भ किया। इस मौके पर शाखा अध्यक्ष चन्द्रशेखर सिंह राठौर, कोषाध्यक्ष अशोक पोरवाल, डा. आरएन दुबे, रामप्रकाश पाल, देवेन्द्र पोरवाल, रुद्रपाल सिंह भदौरिया, एड. निशान्त पोरवाल, कमल भाटिया, दीपक दुबे, सुनील दीक्षित कुक्कू, संजय माधवानी, मक्खन सिंह वर्मा, सर्वेश राठौर, पुनीत पाण्डे, विनोद पोरवाल सहित परिषद के कई सदस्यों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## इस्लाम पार्टी हिन्द ने बांटे गरीबों को कम्बल



इटावा। इस्लाम पार्टी हिन्द का मुख्य उद्देश्य साम्प्रदायिक सम्मान के साथ पूरे देश के अल्पसंख्यकों विशेष कर मुस्लिम समुदाय एवं अन्य पिछड़े वर्ग के लोगों की सेवा है, इसी कड़ी में रविवार को इस्लाम पार्टी हिन्द के महेरा चुंगी स्थित जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष तसलीम मंसूरी एड. उर्फ गुड्डू ने गरीबों, मजलूमों को कड़ाके की ठंड से राहत पहुंचाने के लिए कम्बल वितरित किये। मुख्य अतिथि डीबीए अध्यक्ष अनिल गौर एड., महामंत्री देवेंद्र पाल ने जिलाध्यक्ष तसलीम मंसूरी एड. के साथ गरीबों को कम्बल वितरित किये। सर्दी में कम्बल पाकर गरीबों के चेहरे खिल उठे। मुख्य अतिथि डीबीए अध्यक्ष अनिल गौर एड. ने कहा इस्लाम पार्टी हिन्द ने सर्दी से राहत दिलाने के लिए गरीबों को जो कम्बल वितरित किये वह एक सराहनीय कार्य है। गरीबों की मदद करने ने मन को बहुत सन्तोष और आत्मसुख मिलता है। इस्लाम पार्टी हिन्द के जिलाध्यक्ष तसलीम मंसूरी ने कहा कि कड़ाके की ठण्ड से निजात दिलाने के लिये गरीब वर्ग के लोगों को कम्बल वितरण करने से मन को बहुत शांति मिली। बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, मलिन बस्तियो में जाकर सर्दी से ठिठुर रहे गरीबों को कम्बल वितरित किये। यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। तसलीम मंसूरी एड. ने डीबीए अध्यक्ष अनिल गौर एड., महामंत्री देवेंद्र पाल, राजेश वर्मा एड. का गुलदस्ता देकर व शाल उढ़ाकर स्वागत किया। कम्बल वितरण कार्यक्रम में कौमी तफ्फ्फुज कमेटी के संस्थापक खादिम अब्बास, मसूद तैमूरी, शावेज नकवी, इंतजार अहमद, हाफिज रहबर, सतीक मंसूरी, राजू मंसूरी, शान मोहम्मद, ताज खान, शमीम मंसूरी, सगीर मंसूरी, नईम मंसूरी, शमसुल मंसूरी, शब्बीर मंसूरी, वसीम अंसारी, इरशाद मौजूद रहे।

## संक्षेप

### आज ओपीडी रहेगी निःशुल्क

इटावा। जनपद के लोकप्रिय सांसद रहे स्वर्गीय रघुराज सिंह चैधरी की 96वीं जयंती पर 6 जनवरी को श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय राहतपुर में सभी के लिए ओपीडी निशुल्क रहेगी। चिकित्सालय के निदेशक राजेंद्र कुमार दीक्षित ने बताया कि चौधरी रघुराज सिंह स्मारक संस्थान की अध्यक्ष आशा दुबे के आग्रह पर पूर्व की भांति ही पूर्व सांसद कीर्तिशेष चैधरी रघुराज सिंह के जन्मदिवस पर शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय में सोमवार को उपचार हेतु आने वाले लोगों के लिए समस्त जांचों समेत ओपीडी निशुल्क रहेगी। उन्होंने जनता से इस निशुल्क ओपीडी का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

### दरगाह पर कुरआन ख्वानी का आयोजन

इटावा। हजरत भौलन शहीद सरकार के उर्स का आगाज कुरान खुआनी से हुआ। मेहफिल ए नूर की सदारत हजरत मौलाना अब्दुल वाजिद अशरफी ने की। निजामत मशहूर शायर रौनक अशरफी इटावी ने की। मीलाद शरीफ का तिलावते कुरआन पाक से हुआ। नदीम अहमद एड., आजम अत्तारी ने कलाम पेश किया। चांद मंसूरी, राशिद, कमालउद्दीन चिश्ती, अफसर राईनी चिश्ती, शोएब चिश्ती, अहमद अली वारसी, रेहान खां, गुफरान मंसूरी आदि मौजूद रहे।

### सनातन मजबूत था, मजबूत है और मजबूत रहेगा: जयवीर सिंह

इटावा। प्रदर्शनी एवं महोत्सव के तत्वाधान में चक्रव्यूह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में यूपी सरकार के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह शामिल हुए। मंत्री जयवीर सिंह ने मीडिया के सवालों के जवाब देते हुए विपक्ष पर जमकर निशाना साधा है। महोत्सव प्रदर्शनी पंडाल में बीती शनिवार की रात को चक्रव्यूह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें टीवी सीरियल चक्रव्यूह के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। यूपी सरकार के संस्कृति एवं पर्यटन विभाग के मंत्री जयवीर सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए थे। उन्होंने मीडिया के सवालों के जवाब में विपक्ष पर जमकर हमला किया। उन्होंने चंदौली के सपा सांसद वीरेन्द्र सिंह द्वारा बावड़ी को लेकर दिए गए बयान पर कहा कि एक एक चीज का जवाब सरकार नहीं देती रहेगी कि कौन क्या क्या कह रहा है यह टीका टिप्पणियां तो होती रहेगी कोई जिम्मेदार रहेगा तब सरकार जवाब देगी सनातन संस्कृति पर आज से ही नहीं बल्कि आदिकाल से हमले होते रहते है।

### प्रदर्शनी कैंप में अंताक्षरी प्रतियोगिता 7 को

इटावा। प्रदर्शनी कैंप में अंताक्षरी प्रतियोगिता 7 जनवरी को प्रातः 10 बजे होगी। पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. बालमुकुंद दिवाकर मुख्य अतिथि के रूप में प्रतियोगिता का शुभारम्भ करेंगे। अध्यक्षता राजकीय इंटर कालेज के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य वृजानन्द शर्मा करेंगे। संयोजक देवेश शास्त्री ने यह जानकारी देते हुए बताया कि शिशु वर्ग (कक्षा 2 से 5 तक) कनिष्ठ वर्ग कक्षा 6 से 8 तक व मध्यम वर्ग कक्षा 9 से 12 तक में होने वाली अंताक्षरी प्रतियोगिता में किसी भी संस्था से चार प्रतिभागियों की टीम भाग ले सकेगी। उन्होंने बताया कि पूर्व में अधिकांश टीमों का नामांकन हो चुका है, यदि कोई संस्थान नई टीम लाना चाहते हैं अथवा नामांकित टीम में प्रतिभागी बदलना चाहते हैं तो प्रतियोगिता प्रारंभ होने से पहले संशोधन करा सकते हैं। संयोजक देवेश शास्त्री ने नगर के साहित्यकारों व साहित्य प्रेमीजनों स्कूली बच्चों की अन्त्याक्षरी स्पर्धा में पधारकर प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन की अपील की।

### आदित्य, आर्यन ने स्वर्ण पदक हासिल किया

भरथन, इटावा। संस्कृति इंटरनेशनल स्कूल के दो छात्रों आदित्य यादव कक्षा 9 और आर्यन यादव कक्षा 6 ने भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर संस्था को गौरवान्वित किया। आर्यन यादव ने 200 मीटर दौड़ में व आदित्य यादव ने 800 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक हासिल किया। छात्रों के शारीरिक प्रशिक्षण में संस्था के प्रशिक्षक पवन यादव का भी बड़ा योगदान रहा। छात्रों की सफलता से प्रफुल्लित संस्था निदेशक अंकित यादव व प्रधानाचार्य प्रियंका सिंह ने दोनों छात्रों को शुभकामनायें दी हैं।

## गोपलापुर को हराकर सेमीफाइनल में पहुंची बिरई सदरे की टीम

उरुवा, गोरखपुर। श्रीराम रेखा सिंह इंटर कॉलेज के खेल मैदान पर चल रही स्वर्गीय रामकिशोर सिंह स्मारक जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का क्वार्टर फाइनल मुकाबला रविवार को बिरई सदरे बनाम गोपलापुर के बीच खेला गया। जिसमें बिरई सदरे की टीम ने गोपलापुर को चार विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। टॉस जीतकर बिरई सदरे की टीम ने क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए गोपलापुर की टीम निर्धारित 10 ओवर में 60 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। जवाब में उतरी बिरई सदरे की टीम ने 14 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। मैन ऑफ द मैच 15 रन और दो विकेट चटकाने वाले आयान को चुना गया।

मुख्य अतिथि श्रीराम रेखा सिंह इंटर कॉलेज के कार्यवाहक प्रधानाचार्य संतोष कुमार ने कहा कि खेल में हार और जीत लगी रहती है। हार से निराश न होकर और बेहतर करने का प्रयास करना चाहिए।

अंपायर राहुल, विनय, फारुख, कमेंट्रेटर शिवम गौड़, संजय और स्कोरर आकाश, सलमान रहे। इस दौरान प्रवीण सिंह टुनटुन, सचिन, प्रमीत, धनंजय, सर्वेंद्र, अभिषेक, इनेश आदि मौजूद रहे।

## ट्रक पलटा , पीछे आ रही कार भिड़ी, तीन घायल



बेलीपार, गोरखपुर। बेलीपार थाना क्षेत्र के भरवल गांव के सामने रविवार की भोर में मटर लदी एक डीसीएम अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर सड़क के बीचोबीच पलट गई। इसी बीच घने कोहरे के कारण पीछे से आर रही वैगनआर कार ट्रक से टकराकर बुरी तरह दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना में कार सवार तीन लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रयागराज से गोरखपुर के लिए मटर लादकर निकला एक डीसीएम रविवार की भोर में लगभग चार बजे बेलीपार क्षेत्र के भरवल गांव के पास अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर फोरलेन सड़क पर पलट गई। घने कोहरे के कारण पीछे से जा रही गिरधरपुर निवासी एडवोकेट व पत्रकार जेपी गुप्ता की वैगनआर कार डीसीएम से टकराकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार सवार जेपी गुप्ता व उनके दोनो पुत्र अरूण व वरूण समेत तीनो घायल हो गए। अरूण गंभीर रूप से घायल हो गए। दो अन्य लोगों को मामूली चोट आई। सूचना पर पहुंची बेलीपार पुलिस ने घायलों को इलाज हेतु अस्पताल भिजवाया तथा क्रेन मंगाकर ट्रक को किनारे कराया।

## 30 किलो अवैध गांजा के साथ दो शातिर गिरफ्तार




गीडा, गोरखपुर। गीडा थाना अंतर्गत नौसढ़ चौकी पुलिस ने रविवार को 30 किलो गांजा के साथ दो शातिरों को दबोच लिया। पुलिस ने दोनो के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दी।

मिली जानकारी के अनुसार, रविवार को लगभग साढ़े तीन बजे भोर में नौसढ़ पुलिस चौकी प्रभारी शुभम श्रीवास्तव को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि दो व्यक्ति ट्राली बैग में संदिग्ध समान लिए बाघागाड़ा पर खड़े हैं। तत्परता दिखाते हुए चौकी प्रभारी मय फोर्स पहुंच युवकों की तलाशी ली गई। पुलिस ने उनके पास से तीस किलो अवैध गांजा बरामद किया। युवकों की पहचान अमरनाथ जायसवाल पुत्र श्रीराम जायसवाल निवासी अतरौलिया थाना अतरौलिया, आजमगढ़ तथा संतोष उर्फ साजन जायसवाल पुत्र अमरनाथ जायसवाल निवासी अतरौलिया थाना अतरौलिया आजमगढ़ के रूप में हुई। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों पर कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में धीरेन्द्र यादव, आंचल, शैलेन्द्र यादव, प्रेम बहादुर, रमेश चंद्र जोशी, वीरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहें।

## ओटीएस द्वितीय चरण का लाभ लें ,करीब दो दर्जन उपभोक्ताओं पर हुई कार्रवाई

जसवंतनगर, इटावा। विद्युत उपखण्ड कार्यालय प्रांगण में उपखंड अधिकारी अरविंद कुमार की उपस्थित में समस्त अवर अभियंताओं टीजी 2, संविदा कार्मिकों, फीडर मैनेजरों एवं मीटर रीडरों के साथ एक मुश्त समाधान योजना के प्रथम चरण की सफल क्रियान्वयन एवं द्वितीय चरण की कार्य योजना बनाने हेतु एक आवश्यक समीक्षा बैठक आयोजित हुयी। ओटीएस के प्रथम चरण में सराहनीय कार्य के लिए कर्मचारियों व संविदा कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए एसडीओ अरविंद कुमार ने कहा कि द्वितीय चरण में भी हम सभी तन्मयता लगन के साथ विद्युत देय बिल बकायेदारों, 10000 रू से अधिक के बकायदार उपभोक्ताओं को मोबाइल फोन कॉलिंग कर तथा उनके घर घर बिजली कर्मी जाकर ओटीएस रजिस्ट्रेशन करने हेतु अनुरोध करेंगे। बिल न जमा करने वाले ऐसे उपभोक्ताओं के संयोजन विच्छेद किए जाएंगे। इसलिए सभी बकायेदार उपभोक्ताओं से अपील करके देय बिलो को ओटीएस के तहत विशेष छूट की योजना का पूर्ण विवरण बताकर बिल जमा करायेंगे।

## सड़क पर रील बनाना महंगा न पड़ जाये



मझगांवा, गोरखपुर। रील बनाने का शौक युवाओं के सिर पर चढकर बोल रहा। रील बनाने के जुनून में सड़कों पर रील बनाना बेहद खतरनाक साबित हो रहा। रील बनाने के चक्कर में दुर्घटना के भी शिकार हो रहे है। बावजूद इसके युथ इससे सीख नही ले रहे, की यह जोखिम भरा भी हो सकता है। ऐसा ही एक मामला गगहा थाना क्षेत्र मे देखने को मिला। जहां एक युवक सड़क पर बेफिक्र होकर रील बना रहा था। उसके बगल से गाड़ियां गुजर रही थी। वह इस सब से अंजान होकर रील बना रहा था। उसे जरा भी अंदाजा नहीं था कि उसके इस तरह के कार्य से वह हादसे का शिकार हो सकता है। लोगो ने मांग की है कि पुलिस प्रशासन को इस तरह सड़कों पर रील बनाने पर प्रतिबंध लगाना चाहिए।

## ओटीएस योजना में 2.3 करोड़ रुपये राजस्व में जमा : हनुमान प्रसाद

### अधिक रीडिंग निकालने पर मीटर रीडर को निकाला



इटावा। विद्युत अधिशाषी अभियंता हनुमान प्रसाद मिश्रा ने ओटीएस योजना के तहत जानकारी दी कि लगभग 2716 लोगों ने एक मुश्त समाधान योजना के तहत पंजीकरण कराया था किश्तों अथवा एक मुश्त रकम 2.3 करोड़ रूपया राजस्व में जमा किया गया जिसमें 1403 लोगों ने भुगतान कर ब्याज में छूट प्राप्त कर ली बाकी बचे लोगों द्वारा एक मुश्त अथवा किश्त जमा होना शेष है उक्त योजना 31 जनवरी तक लागू है। तेज तर्रार अधिशाषी अभियंता हनुमान प्रसाद मिश्रा ने अपने अधिनिस्थों से कैसे काम लिया जाए वह अच्छी तरीके से वाकिफ है उनके काम में कोई टाला मटूली नहीं है फरियादी की तुरन्त सुनवाई कर रहे वहीं गलत काम करने पर कार्रवाई भी कर्मचारियों पर तुरन्त कर रहे है। कल दिन रविवार को विकास कालोनी अर्जुननगर निवासी एक महिला ने अधिशाषी अभियंता से शिकायत की कि मीटर रीडर 500 रू. की मांग कर रहा था रूपए न देने पर मीटर रीडर ने अधिक रीडिंग का बिल निकाल दिया जिस पर अधिशाषी अभियंता ने मीटर सुपरवाइजर से बात कर मीटर रीडर को निकालने का आदेश दिए। श्री मिश्रा ने सभी सम्मानितों से अनुरोध किया है कि वह समय से अपनी किश्त अथवा एक मुश्त धनराशि अब तक के बिल के साथ जमा करने की कृपा करें।

## चंबल मैराथन का पांचवां संस्करण



इटावा। राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में चंबल संग्रहालय द्वारा आयोजित चंबल मैराथन का पांचवां संस्करण 12 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। इस अनूठी मैराथन की तैयारियां जोरों पर हैं, जिसमें प्रतिभागियों के जोश और आयोजन की भव्यता ने इसे खास बना दिया है। चंबल मैराथन की शुरूआत सुबह 8 बजे इटावा के डॉल्फिन सफारी, सहसो से होगी और यह पांच नदियों के संगम पंचनद पर समाप्त होगी। मैराथन का मार्ग बल्लो गढ़िया, हरके पुरा, चंबल आश्रम हुकुमपुरा, जायघा, मई, और जगम्मनपुर जैसे ऐतिहासिक स्थलों से गुजरते हुए न केवल धावकों को रोमांचित करेगा, बल्कि चंबल क्षेत्र के प्राकृतिक और सांस्कृतिक महत्व को भी उजागर करेगा। इस आयोजन में औरैया, इटावा, जालौन, भिंड, मुरैना, ग्वालियर, धौलपुर, आगरा और अन्य क्षेत्रों के सैकड़ों धावक भाग लेंगे। चंबल संग्रहालय के महानिदेशक डॉ. शाह आलम राना ने बताया कि चंबल मैराथन का मुख्य उद्देश्य इस क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देना और चंबल के बीहड़ी गांवों, प्राकृतिक सौंदर्य, और ऐतिहासिक महत्व को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है। 42.195 किमी की इस मैराथन का रूट इटावा, भिंड, और जालौन जिलों के गांवों और जंगलों से होकर गुजरेगा। डॉ. राना ने कहा, इस आयोजन के माध्यम से धावकों को चंबल अंचल की अनोखी विशेषताओं का अनुभव होगा। यहां की सरसों के पीले फूल, बलखाती नदियां, औषधीय पौधों से भरे जंगल, प्रवासी पक्षियों के झुंड, और मगरमच्छों व डॉल्फिन की अठखेलियां धावकों को एक अलग अनुभव प्रदान करेंगी। चंबल मैराथन केवल एक खेल आयोजन नहीं है, बल्कि यह चंबल क्षेत्र की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों को उजागर करने का प्रयास भी है। बीहड़ों से होकर गुजरने वाले इस मार्ग में प्रतिभागी उन स्थानों को देख सकेंगे, जो कभी डाकुओं और बागियों की शरणगाह हुआ करते थे। मैराथन का अंतिम पड़ाव पंचनद संगम, जहां चंबल, यमुना, सिंध, पहुंज और क्वारी नदियों का मिलन होता है, अपने आप में एक अद्वितीय स्थान है।

## कछुआ तस्कर गिरफ्तार, 528 कछुए बरामद



इटावा। मैनपुरी जनपद में वन्यजीव तस्करी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई में वन विभाग और स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने 528 कछुओं को तस्करी से बचा लिया। यह कार्रवाई तब हुई जब मुखबिर की सूचना पर एक ट्रक को रोका गया। ट्रक में सुंदरी प्रजाति के कछुए मिले, जिन्हें कोलकाता के रास्ते बांग्लादेश भेजे जाने की योजना थी

डीएफओ अतुल कांत शुक्ला ने बताया कि तस्करी का मास्टरमाइंड गिरेंद्र सिंह, जो नगला जैंखा, थाना बिछवा, जिला मैनपुरी का निवासी है, को मौके पर गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में यह भी सामने आया है कि तस्करी में कुछ सफेदपोश नेताओं का भी हाथ हो सकता है। अधिकारियों ने इन संदिग्ध नेताओं के खिलाफ जांच शुरू कर दी है।

सुंदरी प्रजाति के कछुए वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत संरक्षित हैं। यह प्रजाति विशेष रूप से अपनी चमकदार खाल और मांस के लिए तस्करों के निशाने पर रहती है। विशेषज्ञों का मानना है कि इन कछुओं की अंतरराष्ट्रीय बाजार में बड़ी मांग है। गिरफ्तार तस्कर से मिले सुरागों से पता चलता है कि यह तस्करी का एक बड़ा नेटवर्क है, जो उत्तर प्रदेश से शुरू होकर बांग्लादेश तक फैला है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि कछुए मैनपुरी से कोलकाता लाए जाने थे और फिर बांग्लादेश में अवैध बाजारों में बेचे जाने की योजना थी। वन विभाग के अधिकारियों ने इस कार्रवाई को वन्यजीव संरक्षण की दिशा में एक बड़ी सफलता बताया है। उन्होंने जनता से अपील की है कि यदि उन्हें किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की जानकारी मिले, तो तुरंत सूचना दें। इस प्रकार की तस्करी न केवल वन्यजीवों के अस्तित्व के लिए खतरा है, बल्कि पर्यावरण संतुलन को भी गंभीर रूप से प्रभावित करती है। वन विभाग और एसटीएफ की यह कार्रवाई निश्चित रूप से तस्करों के मनोबल को तोड़ने का काम करेगी गिरफ्तार तस्कर से गहन पूछताछ की जा रही है। इस नेटवर्क के अन्य सदस्यों और सफेदपोश नेताओं के नाम सामने आने की संभावना है। वन विभाग ने साफ किया है कि दोषियों को कानून के दायरे में लाकर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## इटावा सफारी पार्क पहुंची प्रधान वन संरक्षक



इटावा। प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव, उत्तर प्रदेश, लखनऊ अनुराधा वैमुरी द्वारा 4 जनवरी को इटावा सफारी पार्क का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा इटावा सफारी पार्क की समस्त व्यवस्थाओं को देखकर सफारी के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव, उत्तर प्रदेश द्वारा सफारी पार्क के लेपर्ड सफारी, एंटीलोप सफारी, डियर सफारी, भालू सफारी, ब्रीडिंग सेंटर, वन्य जीव चिकित्सालय व लॉयन सफारी का निरीक्षण किया तथा वन्यजीवों के स्वास्थ्य आदि पर सफारी पार्क के वन्यजीव चिकित्सकों एवं सफारी प्रशासन से चर्चा की। इसके अतिरिक्त डा. राकेश कुमार सिंह उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी पशुपालन विभाग द्वारा लिखित पुस्तक रेस्क्यू के दौरान बरतने वाली सावधानियां एवं इटावा सफारी पार्क के बब्बर शेरों के प्रबंधन संबंधी एसओपी इटावा सफारी पार्क में एशियाई शेरों के स्वास्थ्य और प्रजनन प्रबंधन के लिए मानक संचालन प्रक्रियाएं का विमोचन किया। इस मौके पर सफारी पार्क के निदेशक डा. अनिल कुमार पटेल, उपनिदेशक डा. विनय कुमार सिंह, रेंजन रूपेश श्रीवास्तव, उप प्रभागीय वनाधिकारी विमल कुमार सिंह व अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

## वृद्धा ने फांसी लगाकर जान दी

बकेवर, इटावा। ग्राम नगला कले में एक 65 वर्षीय मानसिक बीमार वृद्धा ने घर के अंदर फांसी लगा ली। उपचार के दौरान एक सप्ताह बाद रविवार को सैफई मिनी पीजीआई में उसकी मौत हो गई। थाना पुलिस ने वृद्धा के शव का पंचनामा भरवाकर कर पोस्टमार्टम कराया। पारिवारिक समस्या व मानसिक बीमारी के चलते वृद्धा के फांसी लगाने की बात बताई जा रही है। बकेवर थाना क्षेत्र की लखना चैकी क्षेत्र के ग्राम नगला कले निवासी की राजकुमारी पत्नी श्रीकृष्ण दिवाकर 65 ने 29 दिसम्बर को घर के अंदर कमरें में साड़ी से फांसी लगा ली थीं। उसी समय घर वालों को जानकारी होने पर घर वालों ने तत्काल उन्हें फांसी से उतार कर सीएचसी महेवा पर उपचार के लिए ले गए जहां सीएचसी महेवा से उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया था जिला अस्पताल में स्थिति नाजुक होने के कारण महिला राजकुमारी को सैफई मिनी पीजीआई रेफर कर दिया गया। जहां उपचार के दौरान रविवार को सुबह वृद्धा राजकुमारी की मौत हो गई।

## पूजा गुप्ता नगर अध्यक्ष बनी

जसवंतनगर, इटावा। समाजवादी पार्टी महिला प्रकोष्ठ में पूजा गुप्ता को नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया व अनीता सिंह ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत हुईं। समाजवादी पार्टी के नगर मीडिया प्रभारी आलोक गांगलस की उपस्थिति में उनके निजी प्रतिष्ठान पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उनकी धर्मपत्नी पूजा गुप्ता को सपा महिला सभा का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया। यह मनोनयन पत्र सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष सीमा यादव द्वारा प्रदान किया गया। इस दौरान अनीता सिंह को भी उन्होंने ब्लॉक अध्यक्ष का मनोनयन पत्र सौंपा। इस अवसर पर सपा महिला सभा की पूर्व प्रदेश सचिव सुमन गुप्ता, प्रदेश सचिव मीरा गुप्ता, विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष रत्नेश कुमारी, ब्लॉक अध्यक्ष बढ़पुरा पिंकी सिंह व विनीता देवी ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष सीमा यादव ने बताया कि पार्टी हाईकमान द्वारा नगर में आंतरिक व बाह्य दो अध्यक्ष बनाई गईं हैं।

संक्षेप

## समाधान के नाम पर खिसकाई जा रही फाइलें

जौनपुर। जिले की तहसीलों में हर हफ्ते शनिवार को लगने वाला संपूर्ण समाधान दिवस केवल औपचारिकता बन कर रह गया है। समस्याओं के समाधान के नाम पर सिर्फ फाइलें खिसकाई जा रही हैं। दिवस पर ऐसे मामले सामने आए, जिनमें कोई फरियादी चार तो कोई 25 साल से अधिकारियों के हाथ-पांव जोड़ रहा है लेकिन उसे न्याय नहीं मिल पाया। कहीं उच्चाधिकारियों के स्तर पर तो कहीं निचले स्तर के कर्मचारियों की कारस्तानी से फरियादी तहसीलों के चक्कर लगाने को विवश हैं। एडीएम की सख्ती, राजस्व कर्मचारियों को लगाई फटकार रू केराकत संपूर्ण समाधान दिवस पर तहसील में जनता की शिकायतों का निस्तारण करने पहुंचे एडीएम वित्त एवं राजस्व अक्षयबर चैहान ने राजस्व कर्मचारियों की लापरवाही पर सख्ती दिखाई। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आपदा रजिस्टर, सर्विस बुक, संग्रह अमीन, नजारत पटल आदि का मुआयना किया और विभिन्न विभागों में खामियों की पहचान की और कम वसूली पर नाराजगी जाहिर की। उपजिलाधिकारी सुनील कुमार भारती, तहसीलदार महेंद्र प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार हुसैन अहमद, नायब तहसीलदार अमित सरोज आिद उपस्थित रहे।

## 12 जनवरी तक अवकाश घोषित

जौनपुर। अत्यधिक ठण्ड एवं शीतलहर को देखते हुए जनपद के कक्षा एक से लेकर आठ तक के सभी विद्यालय बारह जनवरी तक बंद रहेंगे। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया है कि छात्रों के स्वास्थ्य व सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जनपद के समस्त कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में 05 जनवरी से 12 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश घोषित किया जाता है।

## किशोरी को 24 घण्टे में बरामद किया

जौनपुर। थाना पवारा पुलिस द्वारा 24 घण्टे के अन्दर पुलिस ने नाबालिग को बरामद किया। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ष्वैलेनद्र कुमार ने बताया कि पवारा क्षेत्र के अन्तर्गत एक गांव की महिला ने रात्रि थाने पर लिखित तहरीर दी कि मेरी नाबालिग 17 वर्षीय पुत्री क्षेत्र के एक महाविद्यालय में परीक्षा देने के लिए निकली थी, जो शाम तक घर वापस नहीं आयी। काफी खोजबीन किया, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। मुझे शंका है कि कुंवरपुर गांव का एक युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया है, क्योंकि वह उससे बातचीत किया करती थी। मुझे पूर्ण विश्वास है कि वही बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस तहरीर के आधार पर कुंवरपुर गांव निवासी युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर नाबालिग लड़की को 24 घण्टे के अन्दर बरामद कर लिया गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

## ठंड के कहर से आम जनजीवन अस्त व्यस्त

आजमगढ़। एक सप्ताह से बादलों की आवाजाही के बीच रविवार को आधी रात से ही घना कोहरा छाया हुआ था। कोहरे के चलते वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लग गया। ठंड के कहर से आम जनजीवन बेहाल हो गया। लोग ठंड से ठिठुरते हुए नजर आये। हालांकि शनिवार की अपेक्षा रविवार को अधिकतम के साथ ही न्यूनतम तापमान में वृद्धि दर्ज की गयी।पिछले एक सप्ताह से आसमान में बादल मडराने से मौसम पर ग्रहण कर लग गया है। बादलों की ओट से सूरज का लूका छिपी का खेल चल रहा है। बीते बुधवार को पूरे दिन रूक-रूक हो रही बूंदा बादी के चलते अचानक ठंड बढ़ गयी। शनिवार को दोपहर बाद मौसम साफ हुआ तो आधी रात से ही कोहरा बढ़ गया। रविवार को सुबह पूरा जिला कोहरे की चपेट में आ गया। कोहरे के चलते 50 मीटर दूर देखना तक मुश्किल हो गया। यही स्थिति सुबह सात बजे तक बनी रही। कोहरे के कारण वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लगा रहा। सड़कों पर चलने वाले वाहन चालक लाइट जलाने को विवश रहे। दोपहर तक धूप न निकलने से ठंड से लोग परेशान रहे। हालांकि शनिवार की अपेक्षा रविवार को तापमान में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है।

# फॉर्मर रजिस्ट्री को लेकर डीएम ने की बैठक, दिए निर्देश



आजमगढ़। जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में शनिवार को फॉर्मर रजिस्ट्री के सम्बन्ध में एक अति आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने फॉर्मर रजिस्ट्री में जनपद की खराब प्रगति होने के गहरा रोष प्रकट किया तथा प्रगति में सुधार हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि समस्त उप जिलाधिकारी अपने तहसील अंतर्गत सभी लेखपालों को ग्राम आवंटित करते हुए प्रति लेखपाल प्रतिदिन कम से कम 10 फार्मर रजिस्ट्री बनाए जाने का लक्ष्य निर्धारित कर दें। उक्त के अतिरिक्त तहसील अंतर्गत संचालित जन सेवा केन्द्रों के संचालक के साथ बैठक कर उनसे अधिक से अधिक फॉर्म रजिस्ट्री बनाना सुनिश्चित कराएं। कृषि विभाग को निर्देशित किया कि समस्त क्षेत्रीय कार्मिक भी प्रति कार्मिक अपने क्षेत्र के कम से कम 10 कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री सीएससी केंद्र या सेल्फ मोड से बनवाए। सम्बंधित कार्मिक ग्राम पंचायत में फॉर्मर रजिस्ट्री के सम्बन्ध में व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए इसके लाभ के बारे में कृषकों को जागरुक भी करेंगे। समस्त खंड विकास अधिकारियों/ जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया गया कि वह अगले दोझतीन दिवस में फार्मर रजिस्ट्री के संबंध में सभी ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर फार्मर रजिस्ट्री बनवाने हेतु ग्राम सभा में मुनादी करा दें तथा ग्राम पंचायत में कार्यरत पंचायत सहायकों के माध्यम से फार्म रजिस्ट्री का कार्य कराना सुनिश्चित करें। जन सेवा केंद्रों के जनपदीय जिला प्रबंधक जितेन्द्र विश्वकर्मा को निर्देशित किया कि वह जनपद में संचालित समस्त जन सेवा केन्द्रों से प्रति केंद्र से कम से कम 10 फार्मर रजिस्ट्री प्रति दिन बनवाना सुनिश्चित करेंगे। ई-डिस्टिक मैनेजर शरद यादव को निर्देशित किया कि वह सीएससी बार बनाए गए फार्मर रजिस्ट्री की सूचना जिला प्रबंधक सीएससी से प्राप्त कर दैनिक सूचना हमको प्रेषित करना सुनिश्चित करेंगे, साथ ही तहसील बार संचालित जन सेवा केंद्र की सूची संबंधित उप जिलाधिकारी को उपलब्ध करा दें जिससे कि वह उनकी समीक्षा कर लें ताकि फार्मर रजिस्ट्री बनाए जाने के कार्य में तेजी लाई जा सके। बैठक में मुख्य रूप से मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य राजस्व अधिकारी, उप कृषि निदेशक, समस्त एसडीएम / तहसीलदार, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, कृषि विभाग के अधिकारीगण, डीपीआरओ, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, डिस्ट्रिक्ट मैनेजर (सीएससी) आदि लोग उपस्थित रहे।

## समाधान दिवसः 89 मामलों में सिर्फ 7 का निस्तारण




आजमगढ़। डीएम नवनीत सिंह चहल एवं एसपी हेमराज मीना की अध्यक्षता में तहसील फूलपुर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को जन समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तायुक्त निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि इसमे किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी, जन समस्याओं का गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्ध निस्तारण शासन की प्राथमिकता है।

इस दौरान कुल 89 मामले आये, जिसमे से 07 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष 82 मामलों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत करने के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। प्राप्त मामलों में राजस्व विभाग के 61, पुलिस के 17, विकास के 05, विद्युत के 03, नहर के 01, पंचायती राज के 01 एवं मनरेगा के 01 शामिल हैं।

जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन-जिन विभागों से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं, उसे जल्द से जल्द शत प्रतिशत गुणवत्तायुक्त निस्तारित करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि समस्याओं का निस्तारण प्रारम्भिक स्तर पर ही कर दिया जाए तो जनता को मुख्यालय तक नही जाना पड़ेगा। इसलिए अधिकारीगण प्राथमिकता के आधार पर प्रारम्भिक स्तर पर ही जन समस्याओं का वास्तविक निस्तारण कर दें। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने जरूरतमंदों में कम्बल का भी वितरण किया।

## इंजीनियर सुसाइड केस में पत्नी सहित तीन को मिली जमानत

जौनपुर। इंजीनियर अतुल सुभाष सुसाइड केस में आरोपी निकिता सिंघानिया, उसकी मां निशा और भाई को जमानत मिल गई है। बेंगलुरु के सिटी सिविल कोर्ट ने निकिता सिंघानिया, निशा सिंघानिया और अनुराग सिंघानिया को जमानत दे दी। सुभाष की पत्नी निकिता सिंघानिया, उनकी मां निशा सिंघानिया और भाई अनुराग सिंघानिया ने मामले में जमानत के लिए बेंगलुरु की सत्र अदालत का दरवाजा खटखटाया था। उन्होंने पहले कर्नाटक हाई कोर्ट से अपील की थी कि सत्र अदालत को उनकी जमानत याचिका का निपटारा करने का निर्देश दिया जाए। हाई कोर्ट ने सेशन कोर्ट को आज ही याचिका का निपटारा करने का निर्देश दिया था।

पूर्व में दाखिल जमानत याचिका पर आंशिक सुनवाई हुई थी।निकिता के वकील ने जमानत के लिए दलील देते हुए कहा कि अतुल के बेटे की देखभाल के लिए निकिता को जमानत मिलनी चाहिए क्योंकि बच्चा अभी छोटा है। इस पर अतुल सुभाष के परिवार के वकील आकाश ने विरोध दर्ज कराते हुए कहा कि जैसा हमें डर था वैसा ही हुआ। निकिता बच्चे को फिर से औजार बनाकर इस्तेमाल कर रही है। अतुल ने भी सुसाइड से पहले यही बात कही थी कि निकिता बेटे व्योम को औजार बनाकर इस्तेमाल करती है। ठीक वैसा ही वह दोबारा कर रही है। निकिता और उसके परिवार को जमानत नहीं मिलनी चाहिए। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद 4 जनवरी तिथि नियत किया। शनिवार को दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने निकिता, उसकी मां निशा व भाई अनुराग की जमानत मंजूर कर लिया। ज्ञात हो कि मृत इंजीनियर अतुल के भाई विकास ने मराठाहल्ली पुलिस स्टेशन बेंगलुरु में 9 दिसंबर 2024 को फिर दर्ज कराया था कि उसके भाई की मानसिक स्थिति बिल्कुल ठीक थी। वह शाम को उससे बात किया था। बाद में उसके सुसाइड की सूचना मिली। भाई से पैसे ऐंठने की आड़ में निकिता सिंघानिया, निशा, अनुराग व सुशील पूरे परिवार को झूठे मुकदमे में फंसाए और अत्यधिक मानसिक को शारीरिक तनाव दिया। निकिता और उसके परिवार के सदस्यों ने हमारे खिलाफ कई झूठे मुकदमे दर्ज कराए और मामलों को बंद करने के लिए आरोपी 3 करोड़ रुपए की मांग कर रहे थे। मेरे भाई को अपने बच्चों को देखने और उससे मिलने के लिए 30 लाख रुपए की अतिरिक्त मांग की जा रही थी। अदालत के सुनवाई के दौरान भाई अतुल के बयानों का मजाक उड़ाकर उसे आत्महत्या के लिए उकसाया गया और कहा गया अतुल को उन्हें 3 करोड़ रुपए देना चाहिए या आत्महत्या कर लेना चाहिए। आत्महत्या करने से पहले ऐसा कदम उठाने के अपने कारणों का उसने खुलासा किया कि उसे चारों लोगों द्वारा मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था और जबरन वसूली की जा रही थी। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया। कर्नाटक पुलिस ने 14 दिसंबर 2024 को निकिता सिंघानिया को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया गया था, जबकि उसकी मां और भाई अनुराग को प्रयागराज से अरेस्ट किया था। इन तीनों पर अतुल सुभाष को सुसाइड के लिए उकसाने का आरोप है। अतुल सुभाष ने बेंगलुरु में 9 दिसंबर 2024 को सुसाइड कर लिया था। उन्होंने सुसाइड से पहले एक वीडियो बनाया और सुसाइड नोट लिखकर निकिता सिंघानिया और उसके परिजनों पर गंभीर आरोप लगाया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि निकिता तलाक के लिए 3 करोड़ रुपये देने का दबाव डालने बना रही है। अतुल सुभाष और निकिता की शादी 2019 में हुई थी। दोनों को 2020 में एक बेटा भी हुआ।

## प्रभारी डीएम ने सुनीं जन समस्याएं



मीरजापुर। जनपद के सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील लालगंज में प्रभारी जिलाधिकारी विशाल कुमार ने आए हुए फरियादियों की जन समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

तहसील लालगंज में जिलाधिकारी के समक्ष कुल 147 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें स 16 का मौके पर निस्तारण करते हुए शेष प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को इस निर्देश के साथ प्रेषित किया गया की प्रार्थना पत्रों का निस्तारण पूरी पादर्शिता व गुणवत्ता पूर्ण ढंग से किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा की प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में यदि गुणवत्ता खराब पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

समाधान दिवस के अंत में मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप फरियादियों की समस्या का निस्तारण करने के लिए मौके पर जाकर दो गवाहों के बीच फोटोग्राफी कराकर समस्या का निस्तारण करते हुए समय के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करें किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगा। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी आसाराम वर्मा, तहसीलदार तरुण प्रताप सिंह, एवं उभी जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## महाकुम्भ के सफल आयोजन व सुरक्षा व्यवस्था का भ्रमण कर लिया जायजा




मीरजापुर। प्रयागराज महाकुम्भ-2025 के निर्विघ्न सफल आयोजन तथा श्रद्धालुओं के सुरक्षा-व्यवस्था के दृष्टिगत रविवार 5 जनवरी 2025 को अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन, मीरजापुर-ओ0पी0सिंह द्वारा क्षेत्राधिकारी सदर-अमर बहादुर, थानाध्यक्ष विन्ध्याचल-अमित कुमार एवं राजकीय रेलवे पुलिस विन्ध्याचल सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण के साथ रेलवे स्टेशन विन्ध्याचल पर भ्रमण कर श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों व वस्तुओं की चेकिंग कराते हुए सम्बन्धित अधिकारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

## विधायक खेल महाकुंभ के क्रिकेट मैच में ओबरा बना विजेता



सोनभद्र। विधायक खेल महाकुंभ 2024, 25 के 11 में दिन चोपन और ओबरा के बीच पूर्व राष्ट्रीय मंत्री पूर्व सांसद बस्ती व असम के प्रभारी हरीश द्विवेदी व सदर विधायक भूपेश चौबे द्वारा टास कराकर मैच का शुभारंभ किया गया चोपन की टीम पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 155 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया चोपन की तरफ से पहले बल्लेबाजी करते हुए अनिल ने 9 चौके और एक छक्के की मदद से 42 गेंद पर 56 रन और फैजल ने तीन चौके और एक छक्के की मदद से 18 बाल पर 26 रन बनाकर अपने टीम का स्कोर 150 रनों से पार पहुंचाया, ओबरा की तरफ से आदर्श 34 रन देकर 3 विकेट और रोशन 17 रन देकर 2 विकेट चटकाए, जवाब में ओबरा की टीम बल्लेबाजी करते हुए 19.4 ओवर में मात्र 4 विकेट खो कर मैच को 6 विकेट से जीतकर इस टूनार्मेंट के अगले मैच में अपनी जगह पक्की कर ली है ओबरा की तरफ से शानदार बल्लेबाजी करते हुए चार चौके और दो छक्के की मदद से भानु ने 43 गेद पर 47 रन और रोशन ने ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए तीन चौके और एक छक्के की मदद से 18 बाल पर 32 रन बनाकर अपने टीम को 6 विकेट से जीत दिलाई, ऑलराउंड प्रदर्शन करने वाले रोशन को भाजपा जिला मंत्री संतोष शुक्ला के द्वारा मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया इस अवसर पर गौरव शुक्ला पंकज मिश्रा विकास मिश्रा अरविंद पांडे विनीत त्रिपाठी आशुतोष शुक्ला सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत बेठिगांव निस्फ में लर्निंग सेंटर का मंत्री अनिल राजभर ने किया लोकार्पण



सोनभद्र। प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन समन्वय विभाग के मंत्री अनिल राजभर ने रविवार को रॉबर्ट्सगंज ब्लॉक के बेठिगांव निस्फ ग्राम पंचायत को लर्निंग सेंटर की सौगात दी। उन्होंने फीता काटकर लर्निंग सेंटर का लोकार्पण किया। उन्होने कहा कि देश एवं प्रदेश में डबल इंजन की सरकार विकास करा रही है। जनता के हितो को ध्यान में रखते हुए विकास कार्य कराया जा रहा है। जिले में अभी दो लर्निंग सेंटर बने हैं।

पहला लर्निंग सेंटर चोपन ब्लॉक के चोपन ग्राम पंचायत में बना है। जिले का दूसरा लर्निंग सेंटर बेठिगांव निस्फ ग्राम पंचायत में बना है। इसके पीछे सदर विधायक भूपेश चौबे और ग्राम प्रधान नीलम तिवारी और प्रधान प्रतिनिधि अनूप तिवारी का विशेष योगदान रहा है। गांव में लर्निंग सेंटर खुलने से ग्राम पंचायत का क्षमता संवर्धन व प्रशिक्षण गतिविधियों का संचालन किया जा सकेगा। डीपीआरओ नमिता शरण ने लर्निंग सेंटर के खुबियों के बारें में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि लर्निंग सेंटर में पंचायत कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। समय-समय पर प्रशिक्षण का आयोजन किया जाता है। इस दौरान गरीबों में मंत्री ने कंबल वितरित किया और श्रम योजनाओं के बारें जानकारी देते हुए पंजीकरण कराते हुए योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। संचालन सुरेश शुक्ला ने किया। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अमरेश पटेल, भाजपा जिला महामंत्री कृष्णमुरारी गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत, बीडीओ उत्कर्ष सक्सेना, मनोज सोनकर, रामचंद्र तिवारी, बीडीसी योगेश मौर्य आदि उपस्थित रहे।

## खडंजा पुल पर मंत्री का किया स्वागत

कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर के क्षेत्र आगमन पर लोगों ने सदर ब्लॉक के खडंजा पुल पर स्वागत किया। स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से ग्राम पंचायत अधिकारी दिनेश गिरी, कोटेदार बबलू केसरी, विजय मिश्रा, नंदकुमार, नागेश्वर, सीताराम मौर्य, माया देवी, कुसुम मौर्य, कौशल्या, अमरनाथ, संजय चतुवेर्दी, अनिल तिवारी, कुंजन, अभिषेक, चंद्रिका मौर्य,उपेंद्र कुशवाहा, बिजेंद्र मौर्य, राजबली, राम जियावन, हरिप्रसाद आदि उपस्थित रहे।

## बैग में रखे 2 लाख 90 हजार रुपये लेकर किशोर हुआ फरार , मचा अफरा-तफरी



मीरजापुर। थाना विन्ध्याचल क्षेत्र के गैपुरा स्थित इंडियन बैंक में पैसा जमा करने पहुंचे एक दम्पत्ति का लाखों रुपए लेकर किशोर फरार हो गया। जिसकी भनक लगते ही बैंक में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि दिव्या दृष्टि लगाए किशोर ने फॉर्म भरते समय रुपयों से भरा बैग लेकर फरार हो गया। बैग में 2 लाख 90 हजार रुपये होना बताया गया। पैसा गायब होने पर पीड़ित महिला दहाड़े मार कर रोती रही

। जानकारी होते पीड़ित सहित अन्य लोगों ने पीछा किया, लेकिन किशोर को वह पकड़ नहीं पाए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर छानबीन कर रही है। मजे की बात है कि बैंक में पुलिस ड्यूटी होने के बावजूद दम्पत्ति के साथ घटित घटना से सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के झिलवर गांव निवासनी नीता देवी अपने पति सुरेंद्र सरोज के साथ गैपुरा स्थित इंडियन बैंक की शाखा में पैसा जमा करने आई हुई थीं। विथड्राल फार्म में कुछ कमी होने के कारण वह वहीं पैसा रखकर फिर से वे उसे भरने में लगी थी कि इसी दौरान मौका पाकर एक 14 वर्षीय लड़का उनका रुपए से भरा बैग लेकर तेजी से बाहर की ओर भाग निकला। उसको भागते देख लोगों ने पीछा भी किया, लेकिन वह आगे जाकर संभवतः किसी बाइक पर सवार भाग निकला।

आशंका जताई जा रही है कि शायद पहले से ही बाहर बाइक सवार खड़े थे और उस पर वह बैठकर फरार हो गया। पुलिस मौके पर लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालने में जुटी है।

## वंचित समाज के लोगों को राज्य मंत्री ने बांटा कंबल




जौनपुर। सदर विधानसभा क्षेत्र के मोहल्ला मियांपुर में अपने वंचित समाज के लोगों को कंबल वितरण खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चन्द्र यादव द्वारा किया गया। राज्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार की जो भी योजनाओं चल रही उसका लाभ समाज पिछड़े, वंचित लोगों को मिल रहा हैं। हमारी सरकार में समाज निचले पायदान में रहने वालों का तेजी से सुधार हुआ है चाहे वो पक्का मकान हो, शौचालय हो , गैस सिलेंडर हो और भी सुविधाओ का भी लाभ लोगो को मिल रहा है। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष श्री ब्रह्मदेव मिश्र, पूर्व विधायक बॉंकेलाल सोनकर एवं नगर दक्षिणी के अध्यक्ष डॉ. कमलेश निषाद, अमित श्रीवास्तव, अजय सिंह एवं मिडिया प्रभारी मनीष श्रीवास्तव व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## समाज सेवा से होती है मन को सुखद अनुभूति

जौनपुर। समाजसेवा के कार्यों से मन को जो सुखद अनुभूति मिलती है उसे शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। उक्त विचार उद्योगपति एवं समाजसेवी ज्ञानप्रकाश सिंह ने जौनपुर पत्रकार संघ द्वारा आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रकट किया। उन्होंने कहाकि पत्रकार संघ द्वारा कोरोना के समय गरीबों को खाद्यान्न वितरित करके समाजसेवा का जो कार्य किया है वह अत्यंत सराहनीय है। पत्रकारों द्वारा अपने सामाजिक दायित्वों के प्रति



अत्यंत सजग है। विशिष्ट अतिथि`पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने उद्बोधन में कहाकि पत्रकार संघ द्वारा समाजसेवा का जो उदाहरण प्रस्तुत किया वह अन्य जनपदों में देखने को नहीं मिलती। वैसे पत्रकार केवल समाचार संकलन व प्रकाशन तक ही सीमित रहता है किन्तु यहां के पत्रकार अपने सेवा कार्यों से समाज को प्रेरणा देते हैं। उन्होंने ज्ञानप्रकाश सिंह की सराहना करते हुए कहाकि वे सामाजिक कार्यों में हर्शवर्धन की भांति मुक्तहस्त से धन का दान करते हैं। प्रदीप सिंह संघ के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए यथा संभव सहयोग करने का संकल्प लिया। पत्रकार संघ के संरक्षक ओमप्रकाश सिंह ने कहाकि गरीबों को परमात्मा का स्वरूप समझकर उनकी सहायता करनी चाहिये। समाजसेवा में व्यय किया गया धन ही उसका सदुपयोग है अन्यथा वह नश्ट हो जाता है। कार्यक्रम के आरंभ में अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन किया गया। आगन्तुकों का अभिवादन संघ के अध्यक्ष शशिमोहन सिंह क्षेम तथा संचालन महामंत्री मधुकर तिवारी ने किया। कार्यक्रम में 200 कंबल वितरित किया गया। पत्रकार रामदयाल द्विवेदी, लोलारक दूबे, भारतेन्दु मिश्र, वीरेन्द्र मिश्र विराट, रामश्रृंगार शुक्ल गदेला, अर्जुन शर्मा, राधा कृश्ण शर्मा, अनिल पांडेय, राजेश मौर्य, विनोद विश्वकर्मा, प्रकाशचन्द्र शुक्ल, राजन पाल आदि मौजूद रहे।

## इस्कॉन ने नगर में निकाली संकीर्तन यात्रा

जौनपुर। इस्कॉन द्वारा भगवान श्रीकृष्ण और राधारानी की असीम कृपा का गुणगान करते हुए भव्य संकीर्तन यात्रा का आयोजन किया गया है। यह यात्रा आगामी 6 जनवरी से कथा के शुभारंभ से एक दिन पूर्व निकाली गई, जिसने पूरे शहर को भक्तिमय बना दिया। इस संकीर्तन यात्रा की शुरूआत भंडारी रेलवे स्टेशन से



हुई। यात्रा में सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया, जो हाथों में ध्वज, मृदंग, करताल और अन्य वाद्य यंत्र लेकर हरिनाम संकीर्तन करते हुए आगे बढ़े। भक्तजन ष्हरे कृष्ण हरे रामष्के जयकारे लगाते हुए श्रीकृष्ण भक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचा रहे थे। संयोजक डा. क्षितिज शर्मा ने बताया 6 से 12 जनवरी तक नगर के सिद्धार्थ उपवन में श्रीमद्भागवत कथा आयोजित है। उक्त कथा का समय शाम 4 बजे से 7 तक सुनिश्चित है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन अलग-अलग नगर के मार्गों पर संकीर्तन यात्रा भी निकलेगी। उन्होंने बताया कि कथा व्यास के रूप में कमल लोचन प्रभु जी अध्यक्ष इस्कान मीरा रोडकृमुम्बई एवं वापीकृगुजरात का आगमन हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य समाज में शांति, प्रेम और भक्ति का प्रचार-प्रसार करना है। उन्होंने बताया कि, शहर से लगभग 24 किलोमीटर दूर, भीरा बाजार के पास, कुंभ गाँव में 40 एकड़ के क्षेत्रफल में ह्लगोमती इको विलेजह्व विकसित किया जा रहा जो पर्यटन के पटल पर एक प्रमुख पहचान देगा।

## प्रोजेक्ट मिलन : 5 बिछड़े दंपतियों को मिलाया

मीरजापुर। जनपद में चलायें जा रहे प्रोजेक्ट मिलन में महिला परिवार परामर्श केन्द्र मीरजापुर द्वारा बड़ी सफलता हासिल करते हुए रविवार को जनपद मीरजापुर के विभिन्न थाना क्षेत्रों के 05 बिछड़े दंपतियों को परिवार परामर्श केन्द्र में हुई काउन्सिलिंग के माध्यम से एक साथ रहने हेतु राजी कर लिया गया। उक्त विवाहित दम्पत्ति विभिन्न कारणों से अलग-अलग रह रहे थे। परिवार परामर्श केन्द्र, मीरजापुर में प्रोजेक्ट मिलन काउंसिलिंग में होने वाली समस्त कार्यवाही के दौरान प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र महिला उप निरीक्षक-रीता यादव, निरीक्षक शशि तिवारी, महिला मुख्य आरक्षी ममता तिवारी व सावित्री यादव, महिला आरक्षी पिंकी व ओपी सुनीता देवी सहित सदस्यगण कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, डा0कृष्णा सिंह व निर्मला पाण्डेय मौजूद रहीं।

## प्यार तुम्हारा मिला कि सावन बरस गयाः जगदीश पंथी

सोनभद्र। पद्मश्री गोपाल दास नीरज के जन्मदिन के अवसर पर काव्यांजलि का आयोजन किया गया। नीरज जी का सोनभद्र से नाता भी रहा वरिष्ठ साहित्यकार अजय शेखर के साथ उनका खास याराना भी था दर्जनों बार श्री शेखर के संयोजन में आयोजित मधुरिमा साहित्य गोष्ठी के अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में नीरज जी का आना भी हुआ, श्री शेखर ने पद्मश्री गोपाल दास नीरज सम्मान से दवे प्रताप नागर कानपुर उमाशंकर तिवारी गाजीपुर माहेश्वर तिवारी मुरादाबाद श्रीकृष्ण तिवारी वाराणसी जैसे ख्याति लब्ध गीतकारों को नीरज सम्मान से सम्मानित भी किया। शनिवार को वरिष्ठ साहित्यकार व स्वास्थ्य विभाग के पूर्व ज्वाइंट डायरेक्टर डा० अनिल कुमार मिश्र के ओइनी मिश्र स्थित आवास पर पद्मश्री गोपाल दास नीरज की जयंती के अवसर पर काव्यांजलि का आयोजन वरिष्ठ साहित्यकार अजय शेखर की अध्यक्षता में किया गया, मुख्य अतिथि वरिष्ठ कथाकार रामनाथ शिवेंद्र रहे।सृजा द्वारा मां शारदे की वंदना,, कंठ में कोकिल स्वर देना,, मां विनती सुन लेना से आगाज हुआ, अजय चतुवेर्दी काका ने, बापे के कूटत हवा तू हूं कालि कुटाबा, अब्दुल हई ने दामन में मेरे पैबंद हजारों हैं, लेकिन खुदा का शुक्र धब्बा नहीं कोई, अनुपमा वाणी ने, साध कर तुम स्वयं को हर घात पर प्रतिघात करना अशोक तिवारी ने खौफ है नहीं कोई धूप में नहाने से दिलीप सिंह दीपक ने मरा मैं नहीं मुझको मारा गया है, प्रदुम्न त्रिपाठी ने पड़ी जरूरत जब भी कफन बांध हम आयेंगे, काश लहू का इक इक कतरा भारत मां के काम आये, दिवाकर मेघ ने बीए पढे लागल बा बेटौवा राकेश शरण मिश्र ने दर्द पीता और जीता पालता और पोसता हूं डा० रचना तिवारी ने, कहीं पे आईना बेबस कहीं तस्वीर है बेबस, कमलनयन तिवारी ने भी शायरी से शमां बांध दिए। संचालन कर रहे जगदीश पंथी ने, प्यार तुम्हारा मिला कि सावन बरस गया है तो वहीं रामनाथ शिवेंद्र ने हमें रोटियां ही दीजिए बहुत भूख लगी है , दे रहे हो गीता कुरान किस लिए सुनाकर सद्भावना की बात किये। देर रात तक चले कार्यक्रम को वरिष्ठ साहित्यकार अजय शेखर ने अपनी कई गंभीर रचनाओं से सोपान तक पहुंचा दिया। सभी कवियों को अंग वस्त्र प्रदान कर अभिनंदन किया गया।

